# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पहाडी ( भरतपुर)

पीठासीन अधिकारी संजय गोयल आर०ए०एस

मुकदमा नं० 15/2021
इदरीश पुत्र सिताब जाति मेव निवासी ग्राम थलचाना तहसील पहाडी (भरतपुर)

प्रार्थी

बनाम

1. राज० सरकार जरिये श्रीमान तहसीलदार पहाडी (भरतपुर)
2. हमीदी पत्नी सरदार मौहम्मद
3. नसरूद्दीन पुत्र मुंशी
4. सहाजत
5. सरीफ
6. इसमाईल
7. ईशाक
8. युनुस

(4 से 8) पिसरान सरदार मौहम्मद

9. सरीपन
10. अरफीना

(9 व 10) पुत्रीयान सरदार मौहम्मद

11. फज्जू पुत्र ईशब
12. याकूब पुत्र शेरमौहम्मद
13. मुहरू पुत्र जहाज
14. फज्जू पुत्र जहाज जाति मेव निवासी ग्राम थलचाना तहसील पहाडी

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128,136 एल0आर0 एक्ट

उपस्थित :– श्री मौहम्मद खाँ वकील प्रार्थी
श्री प्रहलाद सिंह अप्रार्थी संख्या 12
श्री सतीश शर्मा अप्रार्थी संख्या 13,14

दिनांक :– 27/06/2022

## निर्णय

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128, 136 एलआर एक्ट के तहत विरूद्ध अप्रार्थीगण इस आशय का पेश किया कि आराजी खसरा नम्बर 513 मिन के नये नम्बर 734/0.08, 735/0.04, 736/0.08, 737/0.16, 737/2225/0.06, 526/0.30 हैक्टर बांके ग्राम थलचाना तहसील पहाडी में स्थित है। भू प्रबन्ध विभाग द्वारा पुराने खसरा नम्बर 513 मिन के नये नम्बर बनाते हुये

उपखण्ड अधिकारी,
पहाड़ी (भरतपुर)

Scanned with OKEN Scanner

नजरी नक्शा नये नम्बरों का बनाया गया है वह नक्शा प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण के मौका व कब्जा के विपरीत बनाया गया है जो कि कतई गलत है । जिससे प्रार्थी को हक तलफी हो रही हैं । विधि वजह प्रार्थी दावीदार है एवं भू प्रबन्धक विभाग द्वारा बनाये गये नये नम्बरान का नजरी नक्शा को प्रार्थी व अप्रार्थीगण अपने–अपने मौका कब्जा के आधार पर दुरूस्त करा पाने का अधिकारी है। भू–प्रबन्ध विभाग द्वारा खसरा नम्बर 513 मिन के जो नये नम्बर बनाते समय नये नम्बरान को नजरी नक्शा में गलत दर्शाया गया है। जिसका नाजायज फायदा उठाकर अप्रार्थी नाजायज कब्जा करने के उद्देश्य से निर्माण कार्य करने पर उतारू है। जिसकी बाबत अप्रार्थीगण ने प्रार्थी को दिनांक 08/03/2021 को ऐलानिया धमकी दी है कि हम नये नक्शे के मुताबिक आराजी मुतदाविया में निर्माण कार्य करके रहेगे । अप्रार्थीगण अपनी धमकी में कामयाब हो गये तो प्रार्थी को अपरमित क्षति होगी । जिसकी क्षति पूर्ति जर्रे नकद से नहीं हो सकेगी। विधि वजह प्रार्थी खिलाफ अप्रार्थी को जरिये स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द करा पाने का अधिकारी है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार फरमाया जाकर आराजी खसरा नम्बर 734/0.08, 735/0.04, 736/0.08, 737/0.16, 737/2225/0.06, 526/0.30 हैक्टर बांके ग्राम थलचाना तहसील पहाडी का जो भू–प्रबन्धक द्वारा बनाये गये नक्शे को प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण के मौका कब्जा के आधार पर दुरूस्त फरमाया जावें। नजरी नक्शा में संशोधन किये जाने के आदेश फरमाये जावें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया । अप्रार्थी संख्या 1 तहसीलदार पहाडी ने दिनांक 01/02/2022 को न्यायालय मे उपस्थित होकर मौका पर्चा रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि उनवानी प्रकरण इदरीश बनाम सरकार प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0 एक्ट में मौका पर्चा तैयार करने हाल खसरा नम्बर 734/0.08, 735/0.04, 736/0.08, 737/0.16, 737/2225/0.06, 526/0.30 हैक्टर बांके ग्राम थलचाना के मौके पर पहुंचा । मौका रिपोर्ट निम्नानुसार है

1. हाल खसरा नम्बर 734, 735, 736, 737, 737/2225, 526 साविक खसरा नम्बर 513 मिन के ही हिस्से है।
2. हाल खसरा नम्बर 734/0.08 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड के हमीदी पत्नी सरदार मौहम्मद, सहाजत , सरीफ वगैराह पिसरान सरदार मौहम्मद हिस्सा 1/2 , नसरूद्दीन पुत्र मुंशी हिस्सा 1/2 जाति मेव साकिन थलचाना गैर खातेदार दर्ज रिकॉर्ड है जबकि मौके पर खसरा नम्बर 734/0.08 पर इदरीश पुत्र सिताब का एक कुण्डा व एक कमरा बना हुआ है। अतः इदरीश पुत्र सिताब का कब्जा है।
3. हाल खसरा नम्बर 735/0.04 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड फज्जू पुत्र ईशब जाति मेव साकिन थलचाना गैरखातेदार के नाम दर्ज रिकॉर्ड एवं मौके पर फज्जू पुत्र ईशब का एक पक्का कमरा निर्मित है। अतः फज्जू पुत्र ईशब का कब्जा है।

उपखण्ड अधिकारी
पहाड़ी (भरतपुर)

Scanned with OKEN Scanner

4. हाल खसरा नम्बर 736/0.08 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड याकूब पुत्र दलशेर हिस्सा पूर्ण जाति मेव साकिन थलचाना खातेदार के नाम दर्ज रिकॉर्ड जबकि हमीदी पत्नी सरदार मौहम्मद, सहाजत, शरीफ वगैराह पिसरान सरदार मौहम्मद हिस्सा 1/2 नसरूद्दीन पुत्र मुंशी हिस्सा 1/2 जाति मेव साकिन थलचाना गैरखातेदारों का पक्का मकान बना हुआ है। अतः हमीदी पत्नी सरदार मौहम्मद सहाजत ,शरीफ पिसरान सरदार मौहम्मद हिस्सा 1/2 , नसरूद्दीन पुत्र मुंशी हिस्सा 1/2 का कब्जा है।
5. हाल खसरा नम्बर 737/0.16 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड मुहरू, फज्जू पिसरान जहान जाति मेव साकिन थलचाना , 737/2225/0.06 इदरीश पुत्र सिताब व 526/0.30 इदरीश पुत्र सिताब जाति मेव साकिन थलचाना खातेदार के नाम दर्ज रिकॉर्ड है। जबकि खसरा नम्बर 737/0.16 , 737/2225/0.06 व 526/0.06 पर पूर्व दिशा में इदरीश पुत्र सिताब खातेदार का कब्जा है।
6. हाल खसरा नम्बर 526/0.30 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड इदरीश पुत्र सिताब के नाम दर्ज रिकॉर्ड है जबकि खसरा नम्बर 526/0.30 में से 0.08 हैक्टर पर मध्य में याकूब पुत्र दलशेर खातेदार का कब्जा है।
7. हाल खसरा नम्बर 526/0.30 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड इदरीश पुत्र सिताब के नाम दर्ज है। जबकि खसरा नम्बर 526/0.30 में से पश्चिमी दिशा में 0.16 हैक्टर पर मुहरू, फज्जू पिसरान जहाज खातेदार द्वारा चारदीवारी करके पक्के मकान बना रखे है । अतः आराजी खसरा नम्बर 516 के पश्चिम दिशा में 0.16 हैक्टर पर मुहरू , फज्जू पिसरान जहाज का कब्जा है।

उक्त मौका पर्चा रिपोर्ट पर वकील अप्रार्थी संख्या 12 याकूब ने आपत्ति पेश करते हुये बताया कि तहसीलदार पहाडी द्वारा जो मौका पर्चा रिपोर्ट पेश की है वह कब्जे के विपरीत पेश की है। प्रार्थी याकूब मौके पर नहीं था उसने कोई भी अंगूठा निशानी नहीं लगाया हैं। याकूब की आराजी खसरा नम्बर 736/0.08 पर याकूब की कब्जा काश्त है। लेकिन नजरी नक्शा मुताबिक मौका कब्जा में प्रार्थी याकूब को खसरा नम्बर 526/0.30 के पास दर्शाया हैं। जो कि गलत है । यहां पर याकूब का कब्जा दिखाया गया है उस जगह पर अन्य पक्षकारान के पक्के पुख्ता मकान बने हुये है तथा मौका रिपोर्ट गलत तैयार की गई है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि पुनः मौका पर्चा रिपोर्ट तलब की जावे।

प्रार्थना पत्र अप्रार्थी संख्या 12 स्वीकार किया जाकर पुनः दोनो पक्षों की उपस्थिति में विवादित आराजी की मौका रिपोर्ट तैयार करने हेतु तहसीलदार पहाडी को लिखा गया।

तहसीलदार पहाडी ने अपनी मौका रिपोर्ट 21/03/2022 जो कि इस न्यायालय में दिनांक 27/04/2022 को इस आशय की पेश की है कि उनवानी प्रकरण इदरीश बनाम सरकार प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0 एक्ट मौका पर्चा तैयार करने हाल खसरा नम्बर 734/0.08, 735/0.04, 736/0.08, 737/0.

उपखण्ड अधिकारी
पहाड़ी (भरतपुर)

Scanned with OKEN Scanner

16, 737/2225/0.06, 526/0.30 बांके ग्राम थलचाना के मौके पर पहुंचा ,मौका रिपोर्ट निम्नानुसार है।

1. हाल खसरा नम्बर 734, 735, 735, 736, 737, 737/2225, 526 साविक खसरा नम्बर 513 मिन के ही हिस्से है।
2. हाल खसरा नम्बर 734/0.08 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड के हमीदी पत्नी सिरदार मौहम्मद, सहाजत , शरीफ वगेराह पिसरान सरदार मौहम्मद हिस्सा 1/2, नसरूद्दीन पुत्र मुंशी हिस्सा 1/2 जाति मेव साकिन थलचाना गैरखातेदार दर्ज रिकॉर्ड है जबकि मौके पर खसरा नम्बर 734/0.08 पर इदरीश पुत्र सिताब का एक कुण्डा व एक कमरा बना हुआ है। अतः इदरीश पुत्र सिताब का कब्जा है।
3. हाल खसरा नम्बर 735/0.04 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड फज्जू पुत्र ईशब जाति मेव साकिन थलचाना गैरखातेदार के नाम दर्ज रिकॉर्ड है एवं मौके पर फज्जू का एक पक्का कमरा निर्मित है। अतः फज्जू पुत्र ईशब का कब्जा है।
4. हाल खसरा नम्बर 736/0.08 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड के याकूब पुत्र दलखां हिस्सा पूर्ण जाति मेव साकिन थलचाना खातेदार के नाम दर्ज रिकॉर्ड है। जबकि हमीदी पत्नी सरदार मौहम्मद सहाजत, शरीफ वगैराह पिसरान सरदार मौहम्मद हिस्सा 1/2 , नसरूद्दीन पुत्र मुंशी हिस्सा 1/2 जाति मेव साकिन थलचाना गैरखातेदारों का पक्का मकान बना हुआ है। अतः हमीदी पत्नी सरदार मौहम्मद सहाजत , शरीफ वगैराह पिसरान सरदार मौहम्मद हिस्सा 1/2, नसरूद्दीन पुत्र मुंशी हिस्सा 1/2 का कब्जा है।
5. हाल खसरा नम्बर 737/0.16 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड मुहरू, फज्जू पिसरान जहान जाति मेव साकिन थलचाना खातेदारों के नाम दर्ज रिकॉर्ड है जबकि 737/0.08 (पूर्वी हिस्सा) पर याकूब पुत्र थलशेर जाति मेव साकिन थलचाना खातेदार का कब्जा है एवं 737/0.08 (पश्चिमी हिस्सा) पर इदरीश पुत्र सिताब जाति मेव साकिन थलचाना खातेदार का कब्जा है।
6. हाल खसरा नम्बर 737/2225/0.06 मुताबिक राजस्व इदरीश पुत्र सिताब के नाम दर्ज रिकॉर्ड है जबकि इदरीश पुत्र सिताब का ही मौके पर कब्जा है।
7. हाल खसरा नम्बर 526/0.30 मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड इदरीश पुत्र सिताब के नाम दर्ज रिकॉर्ड जबकि खसरा नम्बर 526/0.30 में से पश्चिमी दिशा में 0.16 हैक्टर मुहरू, फज्जू पिसरान जहाज जाति मेव साकिन थलचाना द्वारा चारदीवारी करके पक्के मकान बना रखे है एवं खसरा नम्बर 526/0.30 में से पूर्वी दिशा में 0.14 हैक्टर पर इदरीश पुत्र सिताब जाति मेव साकिन थलचाना का कब्जा है। जाँच रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही हेतु श्रीमानजी की सेवा में पेश है। श्रीमान्जी अन्य खातेदारों ने हस्ताक्षर करने से इन्कार किया।

वकील अप्रार्थी संख्या 12 एवं वकील अप्रार्थी संख्या 13 व 14 ने मौका पर्चा रिपोर्ट दिनांक 21/03/2022 पर अपनी सहमति दी एवं जबाब प्रार्थना पत्र पेश नहीं करने के कारण उनका जबाब प्रार्थना पत्र बन्द किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
पहाड़ी (भरतपुर)

Scanned with OKEN Scanner

बहस वकील प्रार्थी सुनी गई। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में दर्ज तथ्यों को दोहराया। हमने बहस पर मनन किया, पत्रावली में संलग्न राजस्व रिकॉर्ड एवं जबाब/मौका पर्चा रिपोर्ट तहसीलदार का गहनता से अवलोकन किया। प्रस्तुत प्रकरण नक्शा शुद्धि का है। मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड आराजी खसरा नम्बर 513 मिन के नये नम्बर 734/0.08, 735/0.04, 736/0.08, 737/0.16, 737/2225/0.06, 526/0.30 हैक्टर बांके ग्राम थलचाना तहसील पहाडी में स्थित है। जो कि प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण के कब्जे काश्त में है। मुताबिक तहसीलदार पहाड़ी की रिपोर्ट दिनांक 21.03.2022 राजस्व रिकॉर्ड एवं मौके में भारी विरोधाभास है। जिसका वर्णन तहसीलदार रिपोर्ट में स्पष्टता से दर्शाया गया है। तहसीलदार पहाड़ी की रिपोर्ट दिनांक 21.03.2022 पर अप्रार्थीगण को भी कोई ऐतराज नहीं है। उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि बन्दोबस्त विभाग द्वारा नक्शा तरमीम करते समय भारी भूल की है। जिसे सुधारा जाना आवश्यक है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0 एक्ट स्वीकार किये जाने योग्य है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0 एक्ट स्वीकार किया जाता है। मुताबिक तहसीलदार पहाड़ी की रिपोर्ट दिनांक 21.03.2022 कब्जे अनुसार बिना खसरा विभाजन किये राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद किया जावे। तहसीलदार रिपोर्ट दिनांक 21.03.2022 निर्णय के साथ जुज रहेगी।

निर्णय आज दिनांक 27/06/2022 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

(संजय गोयल)
उपखण्ड अधिकारी
पहाडी (भरतपुर).